कार्यशाला
मदन मोहन मालवीय प्रौद्यौगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर।

## सूचना / आमंत्रण

कृपया सूचित करना है कि दिनाँक 17 सितम्बर 2026 दिन गुरूवार को "श्री श्री विश्वकर्मा पूजन" महोत्सव के अवसर पर मा० कुलपति महोदया के अभिभावकत्व में कार्यशाला में निम्नानुसार विविध कार्यक्रमों का आयोजन होना है –

1. श्री श्री विश्वकर्मा पूजनोत्सव।
   (दिनांक 17 सितम्बर 2026 प्रातः 09:30 बजे से प्रारम्भ)।
2. मशीनिष्ट में अल्प कालिक कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारम्भ।
   (दिनांक 17 सितम्बर 2026 से 02 अक्टूबर 2026, विश्वकर्मा पूजा से गांधी जयंती तक)।
3. स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारम्भ।
   (दिनांक 17 सितम्बर 2026 से 02 अक्टूबर 2026, विश्वकर्मा पूजा से गांधी जयंती तक)।
4. वृक्षारोपण कार्यक्रम।
   (दिनांक 17 सितम्बर 2026)

अतः उक्त पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, छात्र–छात्राएं अधिकारी एवं कर्मचारी सपरिवार आमंत्रित हैं।

(अंजनी कुमार सिंह)
कार्यशाला अधीक्षक

पत्रांकः मा०प्रौ०वि० / कार्यशाला / 755 / 2026 दिनांकः 11 सितम्बर, 2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं सादर आमंत्रण हेतु।

1. वै० सहायक, कुलपति को मा० कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ एवं सादर आमंत्रण हेतु।
2. कुलसचिव।
3. वित्त नियंत्रक।
4. समस्त अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / अनुभागीय अधिकारी को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे कृपया इस सूचना को अपने अधीनस्थों में परिचालित कराने का कष्ट करें।
5. समस्त छात्रावास अधीक्षकों को इस अनुरोध के साथ कि इस आयोजन की सूचना छात्र–छात्राओं में प्रसारित करने हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने का कष्ट करें।
6. चेयरमैन, सी०एस०ए० को इस अनुरोध के साथ कि इस आयोजन के फोटो छायांकन हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
7. विभागाध्यक्ष, विद्युतकण एवं संचार अभियन्त्रण विभाग को इस अनुरोध के साथ कि पूजनोत्सव के सफल आयोजन हेतु पी० ए० सिस्टम (कम्प्लीट सेट) उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
8. अध्यक्ष, परिसर विकास प्रकोष्ठ को इस अनुरोध के साथ कि कार्यशाला परिसर की साफ–सफाई एवं स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारम्भ तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्बन्धी अन्य यथावश्यक व्यवस्थाओं हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
9. प्रभारी, सुरक्षा को इस अनुरोध के साथ कि पूजन के दौरान दो सुरक्षा गार्ड कार्यशाला में तैनात करने का कष्ट करें।
10. विश्वविद्यालय सम्पर्क अधिकारी को इस अनुरोध के साथ कि पूजनोत्सव की कवरेज मीडिया में प्रकाशित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
11. प्रभारी वेबमास्टर को इस अनुरोध के साथ कि इस आयोजन की सूचना को विश्वविद्यालय की वेब साइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

16/9/26

11/09/2026
(अंजनी कुमार सिंह)
कार्यशाला अधीक्षक